



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14 अंक - 274 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 17 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### श्रीलंका में बड़े बदलाव की आहट, तमिलों की राजनीतिक स्वायत्ता की मांग पर जल्द हो सकता है फैसला

**कोलंबो ( एजेंसी )।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमासिंघे इस हफ्ते भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर आ सकते हैं। भारत यात्रा से पहले रानिल विक्रमासिंघे मंगलवार को संसद में तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि इस बैठक में तमिल अल्पसंख्यकों की लंबे समय से लंबित राजनीतिक स्वायत्ता की मांग पर कोई फैसला हो सकता है।

#### टीएनए और श्रीलंका सरकार के बीच हो रही बातचीत

बता दें कि टीएनए, श्रीलंका के उत्तर और पूर्व की क्षेत्रीय तमिल पार्टियों का गठबंधन है। टीएनए और विक्रमासिंघे के बीच बीते दिसंबर से तमिलों की राजनीतिक स्वायत्ता की मांग पर बातचीत हो रही है। विक्रमासिंघे भारत समर्थित 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि श्रीलंका के ताकतवर बौद्ध पुजारी वर्ग द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। 13वें संशोधन के तहत तमिलों को कई अधिकार मिलेंगे। भारत भी इसके लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। साल 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते के तहत श्रीलंका को अपने यहां 13ए संशोधन को लागू करना था।

#### तमिल पार्टियों की ये हैं मांग

तमिल पार्टियों की ये भी मांग है कि सैन्य उद्देश्य से ली गई उनकी निजी जमीनों को मुक्त किया जाए, तमिल राजनीतिक कैदियों को छोड़ा जाए और संघर्ष क्षतिपूर्ति दी जाए। टीएनए के साथ ही कई तमिल उग्रवादी नेताओं ने भी पीएम मोदी को पत्र लिखा है कि वह 13वें संशोधन को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बनाएं। तमिलों की मांग है कि केंद्र सरकार, नॉर्दर्न प्रोविंशियल काउंसिल को जमीन और पुलिस की ताकत प्रदान करे। साथ ही चुनाव कराए जाएं, जो कि 2018 से स्थगित हो रहे हैं।

#### लिट्टे ने किया 30 सालों तक संघर्ष

हालांकि श्रीलंका का तमिलों के साथ बातचीत विफल होने का लंबा इतिहास रहा है। श्रीलंका में लिट्टे ने तमिलों के लिए अलग देश की मांग को लेकर लंबे समय तक सैन्य संघर्ष किया था। हालांकि 2009 में श्रीलंका की सेना के साथ हुई लड़ाई में लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण की मौत के साथ ही सैन्य संघर्ष समाप्त हो गया। करीब 30 साल तक चले इस संघर्ष में करीब 20 हजार लोग लापता हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि इस संघर्ष में 40 हजार श्रीलंकाई तमिल लोग मारे गए। हालांकि श्रीलंका की सरकार इस दावों को खारिज करती आई है।

### सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान, योगी मंत्रिमंडल में मिलेगी जगह!

**लखनऊ ( एजेंसी )।** सपा विधायक दारा सिंह चौहान आज भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके पहले उन्होंने यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंपा। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद थे। दारा सिंह चौहान मऊ की घोसी सीट से सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। उन्होंने शनिवार को भी ई-मेल से इस्तीफा भेजा था। कहा जा रहा है कि पूर्वांचल के चौहान (नोनिया) वोट बैंक पर मजबूत पकड़ रखने वाले दारा सिंह को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

### सीएम हाउस में हरेली तिहार की धूम

# गेड़ी चढ़े सीएम बघेल, परिवार के साथ की गोमाता की पूजा, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक भी शुरू





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पहले पर्व हरेली तिहार की धूम है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल के ने रायपुर स्थित निवास पर इस बार हरेली तिहार पर अलग की रंग दिख रहा है। परिवार के साथ गोमाता की पूजा के साथ मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश वासियों को हरेली तिहार की बधाई दी। इस दौरान वे गेड़ी चढ़े और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभंकर बछरू को भी प्रदर्शित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सारे खेलों के गीत को प्रदर्शित किया गया। हरेली के साथ ही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का भी आगाज हो गया है।

बता दें छत्तीसगढ़ में हरेली पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। हरेली तिहार पर मुख्यमंत्री निवास पर में चारों ओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की महक दिखी। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल के निवास पर अतिथियों को मेला लगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरेली तिहार पर अत्याधुनिक तकनीक से मुख्यमंत्री निवास में जन्मी बछिया और साहीवाल प्रजाति की उसकी मां की पूजाअर्चना की और उन्हें घास खिलाया। बछिया का 7 जून को लिंग वर्गीकृत वीर्य विधि के माध्यम से हुआ है। इसके बाद उन्होंने हल सहित कृषि यंत्रों की पूजा की। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल भी मौजूद रही।

पारंपरिक त्योहार पर सीएम ने गोमाता की पूजा के बाद जमकर त्योहार का लुत्फ उठाया। इस दौरान लोक गायकों ने सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर गेड़ी चढ़कर मुख्यमंत्री बघेल सरपट चले। मुख्यमंत्री बघेल में इतनी ऊर्जा जैसी किसी किशोर में दिखती है। गेड़ी के बाद रहचुली झूले में बैठे और बचपन की यादों को ताजा किया। रहचुली झूले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी बिटिया और नातिन के साथ चढ़े और झूले का लुत्फ उठाया। इस दौरान सीएम ने अपने हाथों में रखकर भौंरा चलाया।

#### संस्कृति को सहेजने का प्रयास

हमारे पूर्वजों द्वारा बरसों से तैयार की गई हमारी संस्कृति नष्ट हो रही थी। इसे संरक्षित करने का प्रयास हमने किया है और बहुत बढ़िया काम हो रहा है। रामायण के माध्यम से हम लोगों के जीवन में भगवान राम का आदर्श उतारने की कोशिश कर रहे हैं। रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव किया। चंदखुरी, शिवरीनारायण और राजिम के साथ ही राम वनगमन पथ को विकसित करने का हमने कार्य किया है। बस्तर में देवगुड़ी को संरक्षित किया गया। घोटुल का संरक्षण किया। आसना में बादल आरम्भ किया गया। इससे बस्तर की लोक संस्कृति को सहेजने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे आदिवासी जीवन की परंपरा बहुत समृद्ध रही है। इतनी सुंदर परम्परा है जिन्हें हम सोचें तो चकित हो जाते हैं। यह ऐसी संस्कृति है जो अपने देवी-देवताओं के साथ रहती है। उनसे गहन लगाव रखती है। इसके लिए हमने कार्य किया। जो मजदूरों किसानों का भोजन बोरे-बासी है वो अब फाइव स्टार होटल तक पहुंच गया है। अपनी संस्कृति पर हम सब गौरव करते हैं। जो लोग हीनताबोध में थे वे इस संस्कृति के गौरव को महसूस कर रहे हैं और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया वाक्य को चरितार्थ कर रहे हैं।

#### गोधन न्याय योजना से सुधर रही अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से अर्थव्यवस्था सुधर रही है। दूध उत्पादन बढ़ गया है। आदिवासी क्षेत्रों में भी उल्लास का माहौल है। हरेली में जो नीम की डाली का उपयोग होता है। वह कीटनाशक है। यह वर्षाजनित बीमारियों से बचाता है। किसान अपने उपकरणों की पूजा करते हैं। आज जिनके घर भी गाय है उनकी पूजा हो रही है। यही समृद्धि का रास्ता है। शिक्षा के क्षेत्र में हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल आरम्भ किये। इससे बड़ी संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी शिक्षा मिल रही है।

#### गेड़ी चढ़ने का त्योहार है हरेली

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश वासियों को हरेली तिहार की बधाई देते हुए कहा कि बहुत सुंदर आप सभी ने यहां मंच सजाया है। हरेली त्योहार हम सब उल्लास से मनाते हैं। हरेली त्योहार केवल गेड़ी चढ़ने का त्योहार नहीं है। यह उत्साह का त्योहार है और इसके लिए वातावरण बनाना होता है और यह तब होता है , जब खुशहाली हो। किसान खुशहाल हो। हम यह सब कर रहे हैं। किसानों के दुख दर्द को हमने समझा। किसानों का रकबा बढ़ गया। अब 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। यह उल्लास का वातावरण सभी जगह है।

## टला बड़ा हादसा: वंदे भारत ट्रेन में लगी आग विदिशा के करीब हुई घटना, सभी यात्री सुरक्षित

**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश के विदिशा में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां भोपाल-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। सोमवार सुबह भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुई वंदे भारत की ट्रेन में विदिशा के पास बैटरी बॉक्स में आग लग गई, हालांकि समय रहते रेलवे ने आग पर काबू पाया। घटना में कोई भी रेल यात्री हताहत नहीं हुआ है। विदिशा के कुरवाई स्टेशन से सुबह 10:30 बजे वंदे भारत ट्रेन को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के लिए रवाना कर दिया गया है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने डीआरएम से बात कर घटना की जानकारी ली है।

जानकारी के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस में कुरवाई कैथोरा के पास आगजनी की घटना हुई। आग सी-14 कोच में लगी। हादसे के बाद ट्रेन रोककर यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। इस कोच में 36 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना लगते ही 7:10 पर ट्रेन को कुरवाई में रोका गया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों का कहना है कि कोच में सीट के नीचे से धधकने की आवाज आई। आवाज सुनकर यात्री घबरा गए और वहां से भागे। जब ट्रेन रुकी तो पता लगा कि बैटरी में आग लगी हुई थी। इस ट्रेन में आईएस अविनाश लवानिया, कांग्रेस नेता अजय सिंह समेत कई वीआईपी सफर कर रहे थे। घटना की सूचना के बाद पूरी ट्रेन खाली करा ली गई है। बता दें, वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी ट्रेन। यह रानी



कमलापति रेलवे स्टेशन से सुबह 5:40 बजे रवाना हुई थी।

#### बैटरी बॉक्स में लगी थी आग

भारतीय रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार आग वंदे भारत ट्रेन के बैटरी बॉक्स तक सीमित थी, जिसे बुझा दिया गया है। इलेक्ट्रिकली आइसोलेशन किया जा रहा है और जल्द ही ट्रेन शुरू हो जाएगी। सभी यात्री सुरक्षित हैं। बैटरी बॉक्स यात्री क्षेत्र से अपेक्षाकृत दूर अंडरगियर में स्थित है। जैसे ही घटना घटी, विद्युत सुरक्षा प्रणालियों ने बैटरियों को अलग कर दिया। आग बुझाई गई और खराब बैटरियां हटा दी गईं। ट्रेन चलने के लिए तैयार है। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि आज दिनांक 17.07.2023 को गाड़ी संख्या 20171 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वन्दे भारत एक्सप्रेस रानी कमलापति स्टेशन से निर्धारित समय 05:40 बजे प्रस्थान कर कल्हार स्टेशन से गुजर रही थी, इसी दौरान कल्हार के स्टेशन प्रबन्धक को गाड़ी के सी-14 कोच के बैट्री बॉक्स में धुआं निकलता दिखाई देने की सूचना मिली थी। प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को कुरवाई कैथोरा स्टेशन पर रोक कर जांच की गई।

## कंगाली से परेशान पाक नहीं उठा पा रहा हवाई अड्डे का खर्च, विदेशी एजेंसी करेगी संचालन

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अब वह अपने हवाई अड्डों का संचालन भी नहीं कर पा रहा है। यही वजह है कि पाकिस्तान की सरकार अब अपने इस्लामाबाद हवाई अड्डे का संचालन किसी विदेशी एजेंसी से कराने पर विचार कर रही है। इसके लिए बाकायदा एक कमेटी बना दी गई है, जो विदेशी ऑपरेटर्स से बातचीत कर रही है।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, वित्त मंत्री इशाक डार ने इस्लामाबाद हवाई अड्डे को आउटसोर्स करने के लिए बनाई गई कमेटी के साथ बैठक की। इस बैठक में पाकिस्तानी वित्त मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन विदेशी एजेंसी को सौंपने की औपचारिकताएं 12 अगस्त तक पूरी कर लें क्योंकि 12 अगस्त पाकिस्तान की मौजूदा सरकार के कार्यकाल का आखिरी दिन है, उसके बाद पाकिस्तान में चुनाव शुरू हो जाएंगे।





विश्व बैंक के इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन की सलाह पर पाकिस्तान की सरकार इस्लामाबाद हवाई अड्डे को आउटसोर्स करने की तैयारी कर रही है। हवाई अड्डे का संचालन विदेशी एजेंसी को सौंपने के लिए कानून में बदलाव किए जा रहे हैं।

## मानसून फिर हुआ सक्रिय, छत्तीसगढ़ में गरज चमक के साथ भारी बारिश की संभावना, जारी हुआ अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। अगले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश जगहों पर हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं एक-दो स्थानों पर वज्रपात गिरने और भारी बारिश होने की संभावना है। रायपुर शहर में बादल छाए रहेंगे और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

कुछ दिनों से प्रदेश में बारिश न होने से लोग गर्मी से काफी परेशान थे। बारिश होने से लोगों को राहत मिली है। बीते दिन शनिवार को दोपहर के बाद राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में जमकर बारिश हुई है। दोपहर के बाद बारिश देर रात तक हुई। कहीं तेज तो कहीं



रिमझिम बारिश हुई। इससे कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति भी बन गई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी की संभावना है। अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट होने की भी संभावना है। बीते दिन शनिवार को जशपुर, कबीरधाम, कोरबा, सरगुजा, पेंड्रा, बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली जैसे कुछ जगहों पर भारी बारिश हुई है। वहीं बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बलरामपुर, कोरिया कोंडागांव, बस्तर, सुकमा इन जिलों में काम हुई है।

#### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक आज यानि 17 जुलाई को प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, पेंड्रा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर, बेमेतरा, और कबीरधाम जिला में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश के कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, रायपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग और बस्तर जिलों में एक-दो स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है। 17 को सुबह 8 :30 से 18 जुलाई सुबह 8 :30 बजे तक प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, पेंड्रारोड, बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, जांजगीर, दुर्ग, बेमेतरा और कबीरधाम जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के सरगुजा, बलरामपुर, कोरबा, रायपुर, बलौदाबाजार, दंतेवाड़ा, और सुकमा जिलों में एक-दो स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## पुलिस अधीक्षक ने पेश की समाज सेवा की मिसाल

श्रीकंचनपथ




बलरामपुर रामानुजगंज के जिला पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने ऐसे लोगों को वापस औपचारिक शिक्षा से जोड़ दिया है जिन्होंने गरीबी और तंगहाली के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें पूर्व नक्सली, पूर्व नक्सलियों की पत्नियां और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने अपने पैसों से इन लोगों का दसवीं ओपन में दाखिला करवाया। उन्हें पुस्तकें, कापियां, गाइड, पेन पेंसिल, आदि खरीद कर दिया। जाहिर है, जिन्हें मदद मिली वे न केवल खुश हैं बल्कि उनमें नए सिरे से जीवन को जीने की उमंग पैदा हुई है। उनकी मदद कर यही खुशी डॉ सिंह को भी मिली होगी। दरअसल, डॉ लाल उमेद सिंह ने वही किया है जो समाज की जिम्मेदारी बनती है। लोग दान-दहेज, चढ़ावा और गिफ्ट पर हजारों रुपए फूंक देते हैं। यदि समर्थ परिवार एक-एक परिवार को गोद ले लें तो देश का बहुत भला हो सकता है। हाल ही में किसी ने कहा है कि भारत जब आजाद हुआ, तब से आज तक विकासशील देश ही बना हुआ है। उन्होंने एक सवाल पूछा कि भारत कब विकसित देश होगा। इस सवाल का जवाब सबको पता है पर कोई देना नहीं चाहता। दरअसल, विकसित और विकासशील होना हमारे 'माइंड-सेट' पर निर्भर करता है। हम तो इसी घमंड में चूर हैं कि हमारी सभ्यता और संस्कृति महान है। निश्चित तौर पर सनातन संस्कृति महान है पर उसके मानने वाले कितने हैं? अब तो दरिद्र नारायण भोग के लिए चंदा देने वाले भी अपने हिस्से का भोग पहले टिफिन में भर कर घर ले जाते हैं। भंडारों में भिखारी दुत्कारे जाते हैं और भरे पेट वाले कुर्सियों का घेरा बनाकर पार्टी करते हैं। किसी भी पूजा पंडाल में चले जाएं, यह दृश्य दिखाई दे जाएगा। देश में अशिक्षा है तो शिक्षितों की भी भारी भरकम तादाद है। गरीब हैं तो दुनिया के सबसे ज्यादा अरबपति भी भारत में ही हैं। यदि शिक्षित और संपन्न लोग प्रतिदिन एक-दो घंटे का समय निकालकर साधन विहीन विद्यार्थियों को मुफ्त में पढ़ा दें तो कोई भी अशिक्षित नहीं रह जाएगा। सरकार को साक्षरता और प्रौढ़ शिक्षा अभियान चलाने के लिए मगज मारी नहीं करनी पड़ती। यदि अपने आसपास की गंदी बस्तियों के लिए कुछ कर सकें तो हमारा परिवेश बेहतर हो सकता है। अल्पसंख्यक समुदाय अपनी आय का एक हिस्सा चर्च या मस्जिद को देते हैं। मौलवी-पादरी की सुनते हैं। दक्षिण भारतीय चर्चों में इसे दशमांशम् कहते हैं ङ्क आय का दसवां हिस्सा। इससे चर्च और मस्जिद का सामर्थ्य बढ़ता है। चर्च जहां स्कूल, कालेज, अस्पताल और वृद्धाश्रम चलाते हैं वहीं मस्जिद यतीम खानों, मदरसों का संचालन करते हैं। गरीब परिवारों के विवाह का भार उठाते हैं। यहां गाड़ी-बाड़ी और शेखी बघारने से ही लोगों को फुर्सत नहीं। सनातन कहता है कि परोपकार की खुशी किसी भी संपत्ति को प्राप्त करने की खुशी से बड़ी होती है। यकीन न आता हो तो एक पायलट प्रोजेक्ट चलाकर देख लें।




## संपादकीय

### रंग बदलता सागर

जलवायु परिवर्तन पृथ्वी की सतह को नया आकार-प्रकार दे रहा है, यहां तक कि सागर भी अब रंग बदलने लगे हैं। एक ताजा अमेरिकी अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया का आधे से अधिक महासागर क्षेत्र हरित होता जा रहा है। साफ संकेत किया गया है कि यह प्रवृत्ति मानव-जनित ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ी है। वैज्ञानिक यह पता लगाने में जुटे हैं कि सागर का रंग आखिर हरा क्यों हो रहा है? कुछ स्थानों पर पानी में तैरते प्लवक या अन्य कार्बनिक पदार्थ पाए जा रहे हैं, जिससे बदलाव का पता चलता है। वैज्ञानिकों को लगता है कि इस प्रकार के बदलाव का पूरे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ सकता है। हरे होते सागर में गहरे शोध के लिए अनेक सवाल तैरने लगे हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन यह बताता है कि दुनिया भर में पानी की सतह पर परावर्तित प्रकाश संबंधी 20 वर्षों के उपग्रह डाटा की जांच की गई है। यह सूक्ष्म परिवर्तन जरूरी नहीं कि हर जगह नग्न आंखों से दिखाई दे जाए, पर यह सच है कि दुनिया के 56 प्रतिशत महासागर का रंग बदल रहा है। उपोष्णकटिबंधीय और उष्णकटिबंधीय इलाकों सहित निचले अक्षांशों में यह बदलाव खास तौर पर ज्यादा है। बदलाव का पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने एक कंप्यूटर मॉडल का भी उपयोग किया है। इसका भी इशारा यही है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसा हो रहा है। सागर के रंग संबंधी पुराने आंकड़ों का मिलान नए आंकड़ों से किया गया है। महज 20 वर्ष के समय में बदलाव स्पष्ट दिखता है। अगर यह बदलाव धरती के बढ़ते तापमान की वजह से हो रहा है, तो वैज्ञानिकों को पुख्ता समाधान के साथ सामने आना चाहिए। खतरा कितना भी बड़ा हो, उसके वैज्ञानिक अध्ययन और ठोस उपाय या समाधान बताने में पूरी ईमानदारी रहनी चाहिए।

> धाराओं की संरचना भी बदल रही है। इन बदलावों का गहराई से सतत अध्ययन होना चाहिए। यह बात हम सभी जानते हैं कि सागर में जैव-विविधता भी बहुत तेजी से घट रही है और इसके लिए भी ग्लोबल वार्मिंग को ही जिम्मेदार माना गया है। आशंका है कि जैसे-जैसे दुनिया गरम होती जाएगी, वैश्विक महासागर भी बदलते जाएंगे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक, अध्ययन की सह-लेखक स्टेफनी ने कहा है कि 'वास्तव में, ऐसा होते देखना आश्चर्यजनक नहीं, बल्कि भयावह है।

ग्लोबल वार्मिंग को जितना बड़ा खतरा माना जा रहा है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा त्रासद है। सागर को हमने सदियों से नीलवर्णी ही देखा है और अगर वह हरितवर्णी होने लगा है, तो इससे ज्ञान-विज्ञान और साहित्य पर असर पड़ना तय है। यह भी देखने में आया है कि सागर में कुछ धाराओं का प्रवाह भी बदल रहा है। धाराओं की संरचना भी बदल रही है। इन बदलावों का गहराई से सतत अध्ययन होना चाहिए। यह बात हम सभी जानते हैं कि सागर में जैव-विविधता भी बहुत तेजी से घट रही है और इसके लिए भी ग्लोबल वार्मिंग को ही जिम्मेदार माना गया है। आशंका है कि जैसे-जैसे दुनिया गरम होती जाएगी, वैश्विक महासागर भी बदलते जाएंगे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक, अध्ययन की सह-लेखक स्टेफनी ने कहा है कि 'वास्तव में, ऐसा होते देखना आश्चर्यजनक नहीं, बल्कि भयावह है।' गौर कीजिए, सागर ही नहीं, जगह-जगह मिट्टी और आकाश का रंग भी पहले जैसा नहीं है। महानगरों में तो हर चीज पर प्रदूषण की एक मोटी परत जमी रहती है। रात में सितारों भरा आसमान देखना दुर्लभ होता जा रहा है। लोग भूलने लगे हैं कि आकाश में कितने सितारे सजे हुए हैं। सितारे भी पहले अलग-अलग रंग में दिखते थे, लेकिन अब उन्हें कम से कम महानगरों से देखना व रंग में अंतर करना मुश्किल होता जा रहा है। अनेक नदियों का पानी भी दिनोंदिनों हरा और काला होता जा रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? अब सबको पता है। अत: अब सूचना से आगे बढ़कर ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हर मुमकिन कोशिश हर किसी को करनी पड़ेगी।

## समुदायों के बीच अलगाव बढ़ाने का काम

उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक किसी न किसी रूप में समुदायों के बीच अलगाव बढ़ाने वाले काम हो रहे हैं। दुर्भाग्य से यह काम या तो सरकारी तौर पर हो रहा है या सत्तारूढ़ दल के समर्थन से हो रहा है। भाजपा के नेता कांग्रेस और लेफ्ट के ऊपर टुकड़े टुकड़े गैंग का आरोप लगाते हैं लेकिन भाजपा की सरकारें और उनके समर्थकों की तरफ से लगातार ऐसे काम हो रहे हैं, जिनसे टुकड़े होने का खतरा पैदा होता है। अलग अलग गैर हिंदू समुदायों की परीक्षा ली जा रही है, उनके संयम को आजमाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लोग इसका शिकार हो रहे हैं। हर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग इस तरह की घटनाओं में निशाने पर है।

मणिपुर में इस बात की सबसे ज्यादा चर्चा है कि हिंदू मैती और कुकी आदिवासी के बीच विवाद चल रहा है लेकिन सोचें, इस विवाद में चर्च तोड़ने या जलाने का क्या मतलब है? मणिपुर जैसे छोटे से राज्य में पिछले दो महीने में 357 चर्च तोड़े गए हैं। मणिपुर में चर्च तोड़े जाने के विरोध में मिजोरम भाजपा के उपाध्यक्ष आर वनरामछौंगा ने इस्तीफा दिया है। क्या इसलिए कि आदिवासी धर्म बदल कर ईसाई बने हैं? ध्यान रहे 2011 की जनगणना के हिसाब से मणिपुर में साढ़े आठ फीसदी के करीब मुस्लिम हैं। 32 लाख की आबादी वाले मणिपुर में ढाई लाख के करीब मुस्लिम हैं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से वहां मुस्लिम निशाने पर नहीं हैं और न मस्जिदें निशाने पर हैं। वहां आदिवासी और चर्च निशाने पर हैं। पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में और केरल, कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में ईसाई समूह निशाने पर है। उनके ऊपर हमले हो रहे हैं।

बाकी हिस्सों में मुस्लिम समुदाय को टारगेट किया जा रहा है। देश में इस समय समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी की चर्चा चल रही है और इस चर्चा के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि उनकी सरकार कानून बना कर बहुविवाह को रोकेगी। सोचें, जब विवाह, तलाक, गोद लेने और संपत्ति के कानून को ही एक जैसा बनाने के लिए यूसीसी लाया जा रहा है तो फिर असम में बहुविवाह रोकने के लिए अलग कानून लाने की क्या जरूरत है? जाहिर है इसका मकसद राज्य की 32 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी को यह संदेश देना है कि सरकार कानून के जरिए उनकी धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं को समाप्त कर सकती है। इसका मकसद विशुद्ध रूप से राजनीतिक है। ध्यान रहे कुछ समय पहले राज्य में मदरसों का सर्वे करने और उन्हें बंद कराने का अभियान चला था।

इसी तरह संविधान में धर्मांतरण को लेकर स्पष्ट रूप से प्रावधान है और उसी आधार पर कानून भी बना हुआ है लेकिन कई भाजपा शासित राज्यों ने लव जिहाद रोकने के नाम पर अपने अपने राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया। पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने वहां के इस कानून को निरस्त करने का फैसला किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अवैध बताते हुए उसे खारिज किया था। लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने संसद से कानून पास करा कर तीन तलाक को अपराध बनाया। मुस्लिम समुदाय ने तीन तलाक को अवैध बनाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया था लेकिन उसे अपराध बनाने के सरकार के कानून को गैरजरूरी बताते हुए उसका विरोध किया था।

> बाढ़ का पानी अब उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर बह चला है। अगर वहां भी बड़े पैमाने पर जल-प्लावन हुआ, तो आरोपों की यह राजनीति पानी में बहते मलबे के साथ ही वहां जा पहुंचेगी। बिहार को इस मामले में एक अतिरिक्त सुविधा प्राप्त है। वहां जब बाढ़ आती है, तो आरोप नेपाल पर लगाया जाता है। कुछ साल पहले नेपाल के पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली आया, तो उनमें से कुछ का कहना था कि भारत की जलनीति के कारण नेपाल के कई हिस्सों में बाढ़ आ जाती है।

# सबसे खतरनाक है आरोपों की बाढ़

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

यमुना की बाढ़ अब दिल्ली को छोड़कर आगे बढ़ गई है। भारत में आपदाएं अपने पीछे संकल्प छोड़कर नहीं जातीं, भयानक से भयानक आपदाओं के बाद यहां जो बच जाता है, वह राजनीति है। दिल्ली इस समय इसका सबसे उपयुक्त मैदान है। यहां जो केंद्र सरकार है, वह भारतीय जनता पार्टी की है, और राज्य सरकार आम आदमी पार्टी की। इस बार दिल्ली के लोगों को सिर्फ बाढ़ की मार नहीं झेलनी पड़ी, बाढ़ को लेकर एक-दूसरे पर लगाए गए इनके आरोपों की बौछार भी झेलनी पड़ी। कांग्रेस ज्यादा सुविधाजनक स्थिति में थी, वह आराम से दोनों पर आरोप लगा सकती थी। कहते हैं कि यमुना में चार दशक के बाद जलस्तर इतना बढ़ा है। चार दशक बाद दिल्ली के राजनेताओं को एक-दूसरे पर आरोप लगाने का जो मौका मिला, उसे वे भला आसानी से कैसे जाने देते?

बाढ़ का यह पानी हिमाचल से चलकर हरियाणा होता हुआ दिल्ली पहुंचा था। दोनों ही प्रदेशों में कम या ज्यादा इसी तरह की राजनीति देखने को मिली। हिमाचल में सरकार ने सारा दोष कुदरत के मत्थे मढ़ दिया। क्या करें, इतने कम समय में इतनी ज्यादा बारिश हो गई कि सारे रिकॉर्ड टूट गए, मौसम के दो चक्र आपस में टकरा गए और कई जगह बादल भी फटे। ऐसा ही तर्क दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी दिया- दिल्ली में बाढ़ इसलिए आई कि पहाड़ों में खूब बारिश हुई और फिर हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़ दिया गया। पर्यावरणविद ऐसी आपदा को लेकर कबसे आगाह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि खतरा कभी भी किसी भी दिन आ सकता है। किसी भी सरकार ने इसके लिए कोई तैयारी नहीं की, बावजूद इसके कुदरत को जिम्मेदार ठहराने का विकल्प तो हमेशा ही खुला है।



बाढ़ का पानी अब उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर बह चला है। अगर वहां भी बड़े पैमाने पर जल-प्लावन हुआ, तो आरोपों की यह राजनीति पानी में बहते मलबे के साथ ही वहां जा पहुंचेगी। बिहार को इस मामले में एक अतिरिक्त सुविधा प्राप्त है। वहां जब बाढ़ आती है, तो आरोप नेपाल पर लगाया जाता है। कुछ साल पहले नेपाल के पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली आया, तो उनमें से कुछ का कहना था कि भारत की जलनीति के कारण नेपाल के कई हिस्सों में बाढ़ आ जाती है। यानी, नेपाल के पास भी बाढ़ का मुकाबला करने के लिए बस आरोप ही हैं।

पिछले साल पाकिस्तान में भयानक बाढ़ आई थी। एक तिहाई से ज्यादा देश बाढ़ के पानी में डूब गया था। बाढ़ ने उसकी अर्थव्यवस्था को इतना जर्जर कर दिया कि वह अभी तक उसके दंश से नहीं उबर सकी है। यह भी कहा जाता है कि पाकिस्तान को बदहाल बनाने में चीन से लिए गए महंगे कर्ज की भूमिका दूसरे नंबर पर है, पहला नंबर पिछले साल आई बाढ़ का है। पाकिस्तान ने बाढ़ का मुकाबला कैसे किया? उसने आरोप लगाया कि यह बाढ़ भारत के कारण आई है। बाढ़ का मुकाबला करने के लिए पाकिस्तान और उसकी भारी भरकम फौज के पास इसके अलावा और कुछ नहीं था। यह बात अलग है कि उसके बाद दुनिया के जिन तमाम देशों ने पाकिस्तान को आपदा राहत सामग्री भेजी, उनमें भारत भी था।

जब दिल्ली की कई सड़कें और मोहल्ले बाढ़ के हवाले थे, उस समय खबरिया टीवी चैनलों पर सिर्फ दो चीजें दिख रही थीं। एक तो बाढ़ का आंखों देखा हाल और दूसरी, भाजपा व आप के बीच आरोप-प्रत्यारोप। बीच-बीच में कुछ पर्यावरणविदों और नगर नियोजकों वगैरह के चेहरे भी कैमरों पर दिखाई दे जाते थे, लेकिन इन संवादी स्वरों को कहीं बहुत ज्यादा भाव नहीं मिला। आरोपों की राजनीति कोई गंभीर विमर्श नहीं पैदा करती और अपनी ऊंची आवाज से समाज में हो रही विमर्श की छोटी-मोटी कोशिशों को दबा भी देती है। कुछ ही समय बाद मीडिया जब किसी नई ब्रेकिंग न्यूज पर दांव लगा देगा, तो राजनीति भी उधर मुड़ जाएगी। नई दृश्यावली के सामने आते ही पुराने दृश्यों के दुख-दर्द लोग भी भूलने लगेंगे।

यहां एक और चीज की ओर ध्यान देना होगा कि आम दिनों में जब कोई आपदा हमारे सिर पर नहीं मंडरा रही होती, तब हमारे बीच जो विमर्श चलता है, वह अक्सर पर्यावरण-विरोधी होता है। उस समय न तो हमें पर्यावरण को होने वाले नुकसान की चिंता सताती है और न आपदाओं की कोई आशंका। अभी कुछ दिन पहले तक इस बात की पूरे उल्लास से चर्चा हो रही थी कि मनाली जाने वाला रास्ता अब 'फोर लेन' हो गया है। अब रास्ते में जाम नहीं मिलेगा, और लोग जल्दी पहुंच जाएंगे। यह चर्चा उस समय हो रही थी, जब गरमी लगभग आ ही चुकी थी और दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे महानगरों के लोग यह सोचकर गदगद थे कि इस बार जब पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार करेगा, तो वे गाड़ी उठाएंगे और फर्राटा भरते हुए मनाली पहुंच जाएंगे, जहां पर्वतों की ठंडी ताजा हवा उनका इंतजार कर रही होगी। फिर आगे अटल टनल भी बन गई है, जिसके पार लाहौल स्पीति के मनमोहक क्षेत्र तक पहुंचना अब पहले जितना कठिन नहीं रहा।

इन सारी चर्चाओं में यह जिक्र कहीं नहीं था कि फोर लेन सड़क क्या खतरे लेकर आएगी? इससे पर्यावरण का नुकसान कितना हुआ और इसे बनाने के लिए जिन पहाड़ों को तोड़ा और चीरा गया, उनका मलबा कहां गिराया गया? हिमाचल प्रदेश में दो जगह फोर लेन सड़कें बनाई गई हैं। एक कीरतपुरा से लेकर मंडी तक और दूसरी, चंडीगढ़ से लेकर शिमला तक। सबसे ज्यादा नुकसान भी इन्हीं इलाकों में हुआ है, और सबसे भयावह दृश्य भी वहीं पर देखने को मिले हैं। वहां बरसा पानी सब कुछ तोड़ता, बहाता, डुबोता चंडीगढ़ के दरवाजे दस्तक देने लगा।

हमने शायद यह मान लिया है कि विकास का रास्ता प्रकृति का गला घोटे बिना नहीं तैयार हो सकता। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें बहुत कुछ करना है, पर यह सोच हमें कुछ भी नहीं करने देती। फिलहाल हम अगर अपनी बात को बाढ़ के खतरों तक ही केंद्रित करें, तो क्या ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जा सकती कि किसी भी कारण से नदियों का रास्ता रोकना सबसे बड़ा अपराध घोषित हो जाए? क्या संसद के अगले सत्र में ऐसा कोई प्रस्ताव आएगा? इस प्रस्ताव का तो पता नहीं, लेकिन बाढ़ को लेकर राजनीतिक आरोप वहां भी सुनाई पड़ेंगे ही।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रवासी भारतीयों की सफलता से बदली है दुनिया की सोच

प्रमीत भट्टाचार्य, वरिष्ठ पत्रकार

आजाद भारत के इतिहास में काफी समय तक विदेश जाने वाले भारतीयों को संदेह की नजर से देखा गया। आईआईटी जैसे बेहतरीन संस्थानों के उन छात्रों ने भी इसे बखूबी झेला, जो ऊंचे वेतन वाली नौकरियां करने परदेश गए। माना यही जाता था कि उन्हें आईआईटी में पढ़ने का मौका देकर हमने अपने बहुमूल्य राष्ट्रीय संसाधनों को बर्बाद किया। दुनिया के अन्य हिस्सों में भी कुछ इसी तरह की धारणाएं देखी गई हैं। विकासशील देशों से इस प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) से अर्थशास्त्री चिंतित रहा करते थे। 1976 के अपने शोध-पत्र में अर्थशास्त्री जगदीश भगवती ने तो इन अति-कुशल प्रवासियों पर ब्रेन ड्रेन टैक्स लगाने का प्रस्ताव दिया था। पाकिस्तान ने इस तरह का कर लगाने का प्रयास किया भी, पर विरोध के बाद उसे कदम वापस खींचने पड़े।

प्रवासियों को लेकर जनता की सोच में बदलाव 20वीं सदी की शुरुआत के बाद आया है। तब कई विकासशील देशों ने प्रवासियों तक पहुंचने के लिए खास मंत्रालयों का गठन किया। इनमें भारत भी शामिल है, जिसने 2004 में प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय की स्थापना की थी, हालांकि 2016 में इसका विलय विदेश मंत्रालय में कर दिया गया। प्रवासियों का सम्मान महज इसीलिए नहीं होने लगा है कि वे डॉलर में रकम भेजते, बल्कि वे नए विचारों और नए निवेशों के वाहक भी रहे हैं। खासकर चीन और भारत जैसे विकाशील देशों का सकारात्मक अनुभव प्रवासी अर्थशास्त्र संबंधी विचारों को नया आकार देने में खूब मददगार रहा है।



चीन की बात करें, तो 1979 में चीनी अर्थव्यवस्था के खुलने के बाद प्रवासियों ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की आवक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां तक कि 'सेज' भी विशेषकर उन्हीं क्षेत्रों में बनाए गए, जहां प्रवासी ज्यादा आए। उद्यमों को बढ़ाने और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के साथ कदमताल मिलाने के लिए इस सामाजिक नेटवर्क पर निर्भरता ने चीन में एक नए प्रकार के पूंजीवाद को जन्म दिया। फिर, जैसे-जैसे संस्थागत वातावरण विकसित होता गया, सामाजिक नेटवर्क ने पूरक भूमिका निभानी शुरू कर दी। एक अलग तरह के सोशल नेटवर्क ने उदारीकरण के बाद भारत के आईटी बूम को भी बढ़ाने में मदद की है। जैसे ही भारतीय इंजीनियरों ने सिलिकॉन वैली में अपनी पहचान बनाई, वहां समान योग्यता वाले अधिक इंजीनियरों की नियुक्तियों को बढ़ावा मिलने लगा।

राजनीतिक वैज्ञानिक देवेश कपूर ने अपनी किताब डायस्पोरा, डेवलपमेंट ऐंड डेमोक्रेसी : द डोमेस्टिक इंपैक्ट ऑफ इंटरनेशनल माइग्रेशन फ्रॉम इंडिया में लिखा है, 'सिलिकॉन वैली में प्रवासी भारतीयों की सफलता ने दुनिया को भारत के बारे में अपनी धारणा पर विचार करने को बाध्य किया।' इसने जर्मनी और जापान जैसे देशों में भी, जहां प्रवासी भारतीयों की संख्या उल्लेखनीय नहीं थी, भारतीय आईटी पेशेवरों की मांग पैदा की। इसका असर स्वास्थ्य देखभाल और डाटा विश्लेषण संबंधी गहन-ज्ञान वाले अन्य क्षेत्रों में भी देखा गया है। लिहाजा अति-कुशल प्रवासी अब देश के अनौपचारिक राजदूत माने जाते हैं। भारतीय कौशल की बढ़ती वैश्विक मांग भारत में शिक्षा में निवेश बढ़ाने में मददगार है। कुछ अर्थशास्त्री तो यह भी कहते हैं कि चूंकि ऐसे कौशल वाले कई लोग देश के भीतर ही काम कर रहे हैं, इसलिए शुरुआती दौर में हुआ 'ब्रेन ड्रेन' लंबे समय में 'ब्रेन गेन' का कारक बन सकता है। आज भारत-अमेरिका संबंधों के सबसे बड़े वाहक संभवत: भारतीय प्रवासी ही हैं। समृद्ध और राजनीतिक रूप से मुखर इस समुदाय ने अमेरिकी नेतृत्व को ऐसे समय में भारत के साथ मजबूत प्रौद्योगिकी संबंध विकसित करने के लिए प्रेरित किया है, जब अमेरिका-चीन संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं।

भारत और चीन की व्यापार नीतियों में अंतर का एक कारण अपने प्रवासियों के साथ उनके संबंधों में भी निहित है। भारत अब अंग्रेजी भाषी देशों के साथ (जैसे ब्रिटेन, अमेरिका ऑस्ट्रेलिया आदि) मजबूत कारोबारी रिश्ता बनाना चाहता है, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय रहने लगे हैं। इसके विपरीत, चीन दक्षिण-पूर्व एशिया से अधिक करीब आया है, जहां समृद्ध चीनी प्रवासियों की एक बड़ी संख्या बसती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# खेती किसानी से जुड़ा प्रदेश का परम्परागत पर्व हरेली

धनंजय राठौर, छगन लोन्हारे

छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर लोक महत्व के इस पर्व पर सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक पर्वों की महत्ता भी बढ़ गई है। लोक संस्कृति इस पर्व में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की भी शुरूआत की जा रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के परंपरागत तीज-त्यौहार, बोली-भाखा, खान-पान, ग्रामीण खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने लोगों तक गेड़ी की उपलब्धता के लिए जिला मुख्यालयों में स्थित सी-मार्ट में किफायती दर में गेड़ी बिक्री के लिए व्यवस्था की है। परंपरा के अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गांव में अक्सर हरेली तिहार के पहले बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों की जिद पर अभिभावक जैसे-तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। वन विभाग के सहयोग से सी-मार्ट में गेड़ी किफायती दर पर उपलब्ध कराया गया है, ताकि बच्चे, युवा गेड़ी चढ़ने का अधिक से अधिक आनंद ले सके।



मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष शुरू की गई छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को काफी लोकप्रियता मिली। इसको देखते हुए इस बार हरेली तिहार के दिन शुरू होने वाली छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 को और भी रोमांचक बनाने के लिए एकल श्रेणी में दो नए खेल रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी शामिल किया गया है। हरेली पर्व के दिन से ही प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल की शुरूआत भी होने जा रही है, जो सितंबर के अंतिम सप्ताह तक जारी रहेगा। हरेली पर्व के दिन पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधियुक्त आटे की लोंदी खिलाई जाती है। गांव में यादव समाज के लोग वनांचल जाकर कंदमूल लाकर हरेली के दिन किसानों को पशुओं के लिए वनौषधि उपलब्ध कराते हैं। गांव के सहाड़ादेव अथवा ठाकुरदेव के पास यादव समाज के लोग जंगल से लाई गई जड़ी-बूटी उबाल कर किसानों को देते हैं। इसके बदले किसानों द्वारा चावल, दाल आदि उपहार में देने की परंपरा रही हैं।

सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरेली पर्व मनाया जाता है। हरेली का आशय हरियाली ही है। वर्षा ऋतु में धरती हरा चादर ओढ़ लेती है। वातावरण चारों ओर हरा-भरा नजर आने लगता है। हरेली पर्व आते तक खरीफ फसल आदि की खेती-किसानी का कार्य लगभग हो जाता है। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धोकर, धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला भोग लगाया जाता है। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण किया जाता है।

हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी परिवारों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जाता है। परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते है। गेड़ी बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फाड़कर उन्हें दो भागों में बांटा जाता है। उसे नारियल रस्सी से बांधकर दो पउआ बनाया जाता है। यह पउआ असल में पैर दान होता है जिसे लंबाई में पहले कांटे गए दो बांसों में लगाई गई कील के ऊपर बांध दिया जाता है। गेड़ी पर चलते समय रच-रच की ध्वनि निकलती हैं, जो वातावरण को और आनंददायक बना देती है। इसलिए किसान भाई इस दिन पशुधन आदि को नहला-धुला कर पूजा करते हैं। गेहूं आटे को गूंथ कर गोल-गोल बनाकर अरंडी या खम्हार पेड़ के पत्ते में लपेटकर गोधन को औषधि खिलाते हैं। ताकि गोधन को विभिन्न रोगों से बचाया जा सके। गांव में पौनी-पसारी जैसे राऊत व बैगा हर घर के दरवाजे पर नीम की डाली खोंचते हैं। गांव में लोहार अनिष्ट की आशंका को दूर करने के लिए चौखट में कील लगाते हैं। यह परम्परा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यमान है।

हरेली के दिन बच्चे बांस से बनी गेड़ी का आनंद लेते हैं। पहले के दशक में गांव में बारिश के समय कीचड़ आदि हो जाता था उस समय गेड़ी से गली का भ्रमण करने का अपना अलग ही आनंद होता है। गांव-गांव में गली कांक्रीटीकरण से अब कीचड़ की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। हरेली के दिन गृहणियां अपने चूल्हे-चौके में कई प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाती है। किसान अपने खेती-किसानी के उपयोग में आने वाले औजार नांगर, कोपर, दतारी, टंगिया, बसुला, कुदारी, सब्बल, गैती आदि की पूजा कर छत्तीसगढ़ी व्यंजन गुलगुल भजिया व गुड़हा चीला का भोग लगाते हैं। इसके अलावा गेड़ी की पूजा भी की जाती है। शाम को युवा वर्ग, बच्चे गांव के गली में नारियल फेंक और गांव के मैदान में कबड्डी आदि कई तरह के खेल खेलते हैं। बहु-बेटियां नए वस्त्र धारण कर सावन झूला, बिल्लस, खो-खो, फुगड़ी आदि खेल का आनंद लेती हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**भिलाई।** सीए ब्रांच भिलाई द्वारा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीए भवन सिविक सेंटर में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं सीए वंदना ढोढ़िया, सीए जिगर शाह एवं रमीज फैजल द्वारा प्रतिभागियों को टैली एवं जोहो से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सीए ब्रांच की चेयरमेन सीए पायल नवीन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि एकाउंटिंग के दौरान स्टूडेंट्स, स्टाफएवं एकाउंटेंट्स को आज भी कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान के लिए सीए ब्रांच द्वारा यह आयोजन किया गया, इसके तहत विशेषज्ञों द्वारा टैली एवं जोहो की महत्वपूर्ण जानकारी दी और शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा सॉफ्टवेयर की जानकारी देते हुए बताया कि फाइनेंशियल सेक्टर में मैनुअल कार्यप्रणाली काफी जटिल और समय लेने वाला काम है। सॉफ्टवेयर की मदद से हम कुशल तरीके से सभी लेखांकन डेटा को आसानी से एक्सेस और व्यवस्थित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सॉफ्टवेयर का उपयोग करते समय भी हमें सावधानी बरतने की जरूरत है कई बार तकनीकी खामियों की वजह से डेटा में अप्रत्याशित त्रुटियों का पता नहीं चल पाता है जिसके चलते हमें सही डेटा उपलब्ध नहीं हो पाता है।

### संभाग आयुक्त शॉपिंग के लिए पहुंचे सी मार्ट, हरेली तिहार बनाने के लिए खरीदी गेड़ी

**दुर्ग।** संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे आज अचानक दुर्ग जिले के जिला पंचायत परिसर स्थित सी मार्ट पहुंचे यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति में वर्ष के प्रथम त्योहार के रूप में मनाए जाने वाले हरेली त्योहार के लिए गेड़ी खरीदी। इस अवसर पर उन्होंने बताया की हरेली त्यौहार पर बड़ी मात्रा में गेड़ी निर्माण कर विक्रय किया जाता है, गेड़ी की मांग के आधार पर बसोड़ो द्वारा इसका निर्माण किया जाता है, इसके निर्माण के लिए वन विभाग द्वारा डिपो के माध्यम से बांस प्रदाय किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप इस वर्ष बसोडो की आमदनी बढ़ाने हेतु इनके द्वारा बनाई गई गेडियों को सी मार्ट में विक्रय हेतु रखवाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को गेड़ी उपलब्ध हो सके तथा इसके विक्रय से बसोडो को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके। संभाग आयुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे ने बताया कि गेड़ी निर्माण का कार्य बसोडो के द्वारा शासन से सस्ती दर पर बांस प्राप्त कर बनाए गए हैं, उन्होंने आमजन और गेड़ी खेल प्रेमियों से अपील की है कि छत्तीसगढ़ राज्य के इस पारंपरिक त्यौहार को उत्साह पूर्वक मनाने एवं सस्ती दर पर सी मार्ट के माध्यम से अधिक से अधिक गेड़ी खरीद कर श्रमिकों के आर्थिक उन्नयन में सहयोग करे।

### गृहमंत्री ने भवन के लिए की पहल

# रिसाली के 10 वार्डो में 2 करोड़ की लागत से बनेगा सांस्कृतिक भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली के विकास में क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के लोकनिर्माण, गृह एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू की अहम भूमिका है। हाल ही में 5 करोड़ के विकास कार्यो की स्वीकृति कराने के बाद उन्होंने सांस्कृतिक भवन बनवाने 2 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई है। इस राशि से नवगठित निगम क्षेत्र के 10 वार्डो में भवन बनाया जाएगा।**



निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने जानकारी दी है कि 10 वार्डो में सांस्कृतिक भवन बनाने निविदा की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि वार्ड भ्रमण के दौरान अलग-अलग समाज प्रमुखों ने वार्डो में भवन बनाने की मांग की थी। दरअसल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र से लेकर पॉश कालोनी में निगम की भूमि नहीं होने के कारण बड़ा सांस्कृतिक भवन बनाने की योजना अधर में अटकी हुई है। इसे देखते हुए 10 वार्डो में अलग-अलग समाज विशेष के लिए सांस्कृतिक भवन बनाने प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। आयुक्त ने बताया कि आवश्यकता अनुरूप मंत्री जी की अनुशंसा पर सांस्कृतिक भवन स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया।

#### प्रत्येक भवन 20 लाख का

आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक सांस्कृति भवन 20 लाख की लागत से बनाया जाएगा। वार्ड 7 कल्याणी मंच के पीछे, वार्ड 17 शिव पारा शीतला मंदिर के पास, वार्ड 15 मौहारी मरोदा डॉ. साहू क्लीनिक के पास, वार्ड 18 दुर्गा मंदिर मैदान में और इसी वार्ड के आंगनबाड़ी के सामने, वार्ड 25 आशीष नगर पश्चिम में, वार्ड 32 नेवई भाठा में लक्ष्मी नगर जयस्तम्भ के पास, वार्ड 38 स्टोर पारा पुरैना बाबा धाम के पास एवं सांस्कृतिक मंच के पास और वार्ड 40 पुरैना बस्ती के तेलगु पारा में सांस्कृतिक भवन निर्माण कराने राशि स्वीकृत हुई है।

#### मंत्री आज हरेली कार्यक्रम में

नगर पालिक निगम रिसाली के हरेली त्यौहार आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल होंगे। सोमवार को शाम 4:30 बजे मंत्री नेवई स्थित बैकुंठ धाम मंदिर परिसर पहुंचेंगे। यही हरेली उत्सव में मंत्री श्री साहू निगम क्षेत्र में होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मंदिर परिसर में बने डोम शेड का लोकार्पण व गौठान में गोबर पेंट इकाई समेत महिला स्वसहायता समूह के लिए मशरूम उत्पादन करने शेड निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद मंत्री शाम 6:30 बजे वार्ड 11 मरोदा सेक्टर पहुंचेंगे।

# हर आंगन एक पेड़ अभियान घर घर पहुंचे सांसद विजय बघेल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ की पर्यावरण प्रेमी संस्था आर्टकॉम के अभियान हर आँगन एक पेड़ एवं रोटरी क्लब ऑफ स्टील सिटी भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में 101 पौधों का रोपण श्री महावीर कॉलेज ऑफ नेचरोपैथी एंड यौगिक सेंटर नागपुरा में किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विजय ने अपने व्यक्तत्व में छत्तीसगढ़ की जनता को हरेली की बधाई देते हुए जन जन के स्वास्थ्य एवं सम्पन्न होने की कामना की साथ आर्टकॉम के अभियान हर आँगन एक पेड़ की तारीफ करते हुए कहा कि सभी छत्तीसगढ़ वासियों को परिवारजनों के जन्म के अवसर पर एवं हमारे सभी पुर्वजो के नाम पर वृक्षारोपण की बात कही और उन पौधों को तीन वर्ष सहेजने की बात कही द्य इसके पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों ने संस्था आर्टकॉम हर आँगन एक पेड़ व श्री महावीर कॉलेज ऑफ नेचरोपैथी एंड यौगिक सेंटर नाम से टी शर्ट लॉंच किया। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश ब्रिजपुरिया ने वृक्षारोपण को महत्व देते हुए कहा कि सोमवार को हरेली के अवसर पर भाजपा भिलाई कार्यालय में दोपहर 1 बजे वृक्षारोपण हेतु भाजपा भिलाई के सभी कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण हेतु आमंत्रित किया है। रोटरी क्लब के नये अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्त ने वृक्षारोपण को महत्व देते हुए अपने नये पद और अपने नये नैचरोपैथी महाविद्यालय में साँसद विजय बघेल की उपस्थिति में किये गए वृक्षारोपण को शुभ बताया।

# विकास चाहते है तो हमारे साथ आए, अपनी एनर्जी का सही उपयोग करें भाजपाई : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक व राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने भाजपाईयों को अपनी एनर्जी का सही उपयोग करने की सलाह दी है और चुटकी लेते हुए कहा है कि यदि सही मायने में शहर का विकास चाहते है तो हमारे साथ आए। चुनाव के समय धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। प्रदेश व शहर की जनता जागरुक व समझदार है।

वह इस झांसे में आने वाली नहीं है। श्री वोरा ने भाजपा द्वारा आगामी 20 जुलाई को दुर्ग शहर में प्रस्तावित प्रदर्शन के विषय में कहा कि राज्य में 15 साल व दुर्ग निगम में 20 वर्ष तक शासन करने के बाद भी विकास की दिशा में कोई ऐसा उल्लेखनीय कार्य नहीं किया जिससे जनता को लाभ मिला हो। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य व शहर में विकास के नए आयाम स्थापित किए। पूरे प्रदेश को जनता को मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है और दुर्ग शहर की जनता का कांग्रेस के प्रति एक मजबूत विश्वास बन गया है। राज्य के किसान गरीब युवा महिलाए व सर्वहारा वर्ग में खुशी की लहर है। श्री वोरा ने कहा कि साढ़े 4 वर्ष के कार्यकाल के समयावधि में भाजपा ने जनता के हित के लिए कोई काम नहीं किए। अब जब चुनाव सामने आ रहा है तो उन्हे विकास की चिंता होने लगी है। श्री वोरा ने कहा है कि भाजपाई सही मायने में यदि जनता का भला करना चाहते है तो विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारे साथ आए। धरना प्रदर्शन व आंदोलन करके समय खराब न करें। अपने शरीर की ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें। श्री वोरा ने कहा कि राज्य व शहर में निरंतर विकास जारी है। बीते दिन साढ़े तीन करोड़ की लागत से शहर के आधा दर्जन से अधिक स्थानों में हमर क्लीनिक की शुरुवात की गई है। इससे शहर की जनता को चिकित्सा का सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा ने कभी भी इस तरह की महत्वाकांक्षी योजना पर काम नहीं किया।

# लायंस क्लब भिलाई की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** लायंस इंटरनेशनल के बैनर तले लायंस क्लब भिलाई रॉयल के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 15 जुलाई शनिवार की शाम को होटल अमित पार्क सुपेला भिलाई में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि एमजेएफ लॉयन जयप्रकाश अग्रवाल और प्रमुख वक्ता लायन प्रीतपाल सिंह बाली को साक्षी मानकर शपथ अधिकारी लायन रश्मि लखोटिया ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर क्लब के जनक और मार्गदर्शक एमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। लायंस क्लब भिलाई रॉयल के पूर्व अध्यक्ष आशीष जिंदल ने अध्यक्ष की पिन बदल कर एमजेएफ लायन अभिषेक अग्रवाल को क्लब की बागडोर सौपी। वहीं सचिव लायन मुकेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष लायन बिगुल अग्रवाल को भी दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष के पद पर लायन शांतिलाल शर्मा और नीतेश अग्रवाल का चयन किया गया। एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर का प्रभार एमजेएफ लायन ललित अग्रवाल ने संभाला तो प्रकाश डहाके एवं अजय पंडित ने क्लब के टेल ट्विटर और पीआरओ के पद की शपथ ली। क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन चंद्रेश शर्मा को क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन का दायित्व दिया गया। आयोजन में अनिल अग्रवाल ने अपने डिस्ट्रिक्ट के लक्ष्य को सभी के साथ साझा किया।

मुख्य अतिथि एमजेएफ जय प्रकाश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में युवा वर्ग को सही मार्ग पर चलने और एक नयी राह को थाम कर आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया। अपनी बुलंद आवाज के धनी लायन प्रीतपाल सिंह बाली ने प्रभावी उद्बोधन से सबको सांस थाम कर बैठने पर मजबूर कर दिया। बाली जी ने क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एमजेएफ लायन अभिषेक के इस वर्ष के उनके कार्य करने की थीम जरूरतों के प्रति जीवंत की जमकर प्रशंसा की और उनके नए कार्यकाल के लिए क्लब के सभी लायंस साथियो और अन्य उपस्थित लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस दौरान जुलाई माह में जन्मदिन और शादी की सालगिरह मनाने वाले सदस्यों के सम्मान में केक काट कर खुशियां मनाई गईं और मुबारकबाद दी गई। इसी मौके क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन वीरेन्द्र सतपती, लायन विनोद अग्रवाल, लायन अतुल अग्रवाल, लायन राजेन्द्र भोजक, लायन जितेंद्र जैन, लायन नीतेश जैन, लायन अंजू चंद्राकर, लायन मृदुला रोजिंदर, लायन अनुपमा गंगराडे, लायन राजेश पांडे, लायन के. वेंकट, लायन रमेश यादव, लायन पवन अग्रवाल, लायन निवेश अग्रवाल के साथ आदि लायंस साथी भी मौजूद थे।

# सुरक्षा, विकास और भरोसा हमारी प्राथमिकता में शामिल : मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग, आवास एवं पर्यावरण, वन विभाग एवं विधि-विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति बाहुल्य बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बैजलपुर में नवीन पुलिस चौकी भवन का विधिवत लोकार्पण किया। बोड़ला थाना से पृथक कर बैजलपुर नवीन चौकी बनाया गया है। इस चौकी में वनांचल क्षेत्र के 9 ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित वासियों को थाना तरेगाँव/थाना बोड़ला तक जाने की आवश्यकता नही होगी।**



कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि सुरक्षा, विकास और भरोसा सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। श्री अकबर कबीरधाम जिले एकदिवसीय प्रवास पर थे।


बैजलपुर चौकी भवन के लोकार्पण समारोह की पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने अध्यक्षता की। कैबिनेट मंत्री ने रोजनामचा डायरी में शुभकामनाएं सन्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री अकबर मंत्री ने यहां बताया कि अभी विभाग द्वारा जानकारी दी गई है की कुल 9 गाँव इस चौकी के अंतर्गत आते हैं आने वाले समय में यदि ऐसा लगता है की और गाँव को इस चौकी में जोड़ना है तो जोड़ा जाएगा, यदि ऐसा लगता है, कि कुछ गाँव को इस चौकी से हटाकर किसी और थाने में जोड़ना है तो जोड़ा जा सकता है। जिसमें क्षेत्रवासियों को सुविधा महसूस,इसका ध्यान दिया जाएगा। निश्चित रूप से चौकी खुलने से अपराध में नियंत्रण होगा और यह सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि यदि लोग अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं, तो उसके पीछे में पूरा पुलिस विभाग है। जिसके कारण आप अपने घरों में चैन से रह सकते हैं, किसी भी प्रकार से कोई दबाव की कोशिश करें या अपराध करके आपको डराने की कोशिश करें तो पुलिस सहायता करती है, आपको कभी भी सहायता की जरूरत हो तो चौकी में फोन कर मदद ले सकते हैं। उन्होंने पुलिस कप्तान की सराहना करते हुए कहा कि जहां तक मैं जानता हूँ, पुलिस अधीक्षक क्षेत्रवासियों से प्रत्यक्ष संपर्क बनाए हुए। यदि जरूरत हो तो आप उनसे भी बात कर सकते हैं, पुलिस आपके सहायता के लिए है, आपके सहयोग के लिए है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को नवीन चौकी के शुभारंभ के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने कैबिनेट मंत्री का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए उपस्थित जनों को जानकारी दी कि आज बैजलपुर में नवीन पुलिस चौकी का शुभारंभ हुआ है। जिससे असहाय आम जनों को अब दूर तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, यहीं आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, मुझे आज कुछ ग्राम वासियों के द्वारा जानकारी दी गई कि, आसपास के कुछ और भी गाँव हैं, जिन्हें चौकी बैजलपुर में नहीं जुड़े हैं, यदि जनता की तरफसे मांग आएगी तो उन गाँव को भी चौकी में जोड़ने का प्रयास जल्द ही करेंगे।आप लोगों को कोई भी बात रखना है, या शिकायत दर्ज कराना है, तो चौकी पर आकर अपनी बात रख सकते हैं शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि निराकरण नहीं होता है, तो सीधे मुझे भी कॉल कर सकते हैं, कोई भी समस्या होगी उसका कबीरधाम पुलिस द्वारा जल्द से जल्द निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा कहा गया।

### मोर मकान मोर आवास के तहत 29 तक दावा आमंत्रित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत विभिन्न योजना स्थल पर आवास आवंटन हेतु विज्ञापन क्रमांक 1510 दिनांक 10 अप्रैल 2023 को जारी कर आवेदन पत्र आहूत किया गया, जिनका पात्रता परीक्षण कर नगर पालिक निगम भिलाई मुख्यालय के सूचना पटल पर दावा, आपत्ति हेतु हितग्राहियों की सूची चस्पा कर दी गई है। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है। निर्धारित समयावधि में अपूर्ण दस्तावेज जमा किए गए आवेदकों की सूची और अवलोकन कर पात्रता संबंधी दस्तावेज नगर पालिक निगम भिलाई के आवास योजना शाखा प्रधानमंत्री आवास योजना के काउंटर कक्ष क्रमांक 16 में आवश्यक रूप से जमा कर सकते हैं।






## खास खबर...

### प्रवक्ताओं को आक्रमक शैली में भाजपा पर प्रहार करना है - दीपक बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के कंट्रोल रूम में लिया। करीब दो घंटे बैठक चली। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मीडिया विभाग संगठन का आंख कान और मुंह है और हमे तेजी और मजबूती के साथ भाजपा के झूठ को इसी तरह पोल खोलना है और भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इसका सशक्त माध्यम मीडिया है। मीडिया विभाग के प्रवक्ताओं से सुझाव मांगे एवं प्रवक्ताओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिये। प्रवक्ताओं को आक्रमक शैली में भाजपा पर प्रहार करना है। 2023 में सरकार बनाने में संचार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहाकार विनोद वर्मा ने भी प्रवक्ताओं को सरकार की योजनायें भाजपा का झूठ और मीडिया की उपयोगिता पर महत्वपूर्ण बाते कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रवक्ताओं से मिली सुझावे पर समाधान जल्द करने का भरोसा दिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के गतिविधियों से अवगत कराया। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता, संभागीय प्रवक्ता, ब्लाक प्रवक्ता के बारे में बताये एवं सोशल मीडिया के बारे में जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के द्वारा जो आक्रमक रूप से भाजपा के झूठ परंपच का मुह तोड़ जवाब दिया जा रहा है उसकी तारिफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने की। बैठक में प्रदेश महामंत्री रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह, धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, वंदना राजपूत, विकास तिवारी, नितिन भंसाली, प्रदेश कांग्रेस सचिव अजय साहू, शिव सिंह ठाकुर, श्री कुमार मेमन, अमित श्रीवास्तव, अजय गंगवानी, रूपेश दुबे, विकास बजाज, मणी वैष्णव, शारिक रईस खान, सत्यप्रकाश सिंह, सौरभ साहू, रिषभ चंद्राकर, अंशुल मिश्रा, रवि ग्वालानी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीन के प्रचार - प्रसार के लिए मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वाहनों को हरी झंडा दिखा कर किया रवाना

**कोरिया।** जिला कलेक्टरेट परिसर में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही. पैट मशीन प्रदर्शन केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ तथा ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही. पैट मशीन प्रचार-प्रसार हेतु मोबाईल डेमोन्स्ट्रेशन वाहनों को हरा झंडा दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल सिदार, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ईवीएम प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही. पैट मशीन की जानकारी सभी मतदान केन्द्र, हाट बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दिया जाएगा।

कलेक्टर श्री लंगेह के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही. पैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट एवं सभी तहसील कार्यालयों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इस दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने ईव्हीएम प्रदर्शन केंद्र में डमी वोट डालकर ईव्हीएम मशीन की जांच की। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन तैयार किया गया है इन प्रचार वाहनों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजारों में निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रिया और ईव्हीएम मशीन के प्रयोग के बारे में लोगों को जागरूक करना है। आज से ये प्रचार वाहन जिले के सभी हाट बाजारों में जा कर ऑडियो के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का काम करेगी।

# वनों के संरक्षण-संवर्धन सहित वनवासियों के उत्थान के लिए बेहतर ढंग से कार्य करें : मुख्यमंत्री

## तेन्दूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के लाभांश की 466 करोड़ रूपए की राशि का होगा वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के काम-काज की गहन समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान विभागीय अधिकारियों की छत्तीसगढ़ में वनों के सरंक्षण-संवर्धन सहित वनवासियों के उत्थान हेतु समन्वित होकर कार्य करने के लिए विशेष जोर दिया। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर उपस्थित थे।**



बैठक में बताया गया कि राज्य में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित वृहद स्तरीय कार्यक्रम में तेन्दूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के लाभांश लगभग 466 करोड़ रूपए की राशि का जिलों में हितग्राहियों को वितरण किया जाएगा।

इनमें वन प्रबंधन समितियों के वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक की अवधि के 44 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। इसी तरह तेन्दूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक अंतर्गत 422 करोड़ रूपए की राशि में से वर्ष 2021 के 163 करोड़ 59 लाख रूपए तथा वर्ष 2022 के अंतर्गत 258 करोड़ 17 लाख रूपए की राशि शामिल है। बैठक में समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वन विभाग द्वारा राज्य में वनों संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण का कार्य तेजी से चल रहा है और इसमें फलदार पौधों के रोपण को प्राथमिकता से लिया गया है।

राज्य में वर्ष 2023-24 में विभागीय वृक्षारोपण अंतर्गत समस्त योजनाओं में 7 हजार 695 हेक्टेयर रकबा में 70 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें कैम्पा मद के वृक्षारोपण के अंतर्गत 3 हजार 68 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 18 लाख पौधरोपण का लक्ष्य शामिल है। गौरतलब है कि इनमें चालू वर्षा ऋतु के दौरान 2 हजार 121 हेक्टेयर रकबा में 6 लाख 47 हजार फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा।

बैठक में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी "मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना" की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 23 हजार 603 कृषकों द्वारा 36 हजार 140 एकड़ रकबा में पौधरोपण किया जाएगा। इनमें प्रजातिवार सागौन, बांस, नीलगिरी, चंदन तथा मिलिया डूबिया के 2 करोड़ 25 लाख 52 हजार 941 पौधों का रोपण होगा। इसी तरह नरवा विकास के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से समीक्षा की गई। नरवा विकास अंतर्गत राज्य में वर्तमान में वनांचल के 6 हजार 755 नालों में 25 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा में भू-उपचार का कार्य प्रगति पर है। इसके लिए 1 करोड़ 80 लाख भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है। बैठक में आगे छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, वन्यप्राणी, संयुक्त वन प्रबंधन समिति, औषधि पादक बोर्ड और राज्य जैव विविधता बोर्ड के कार्यों तथा प्रगति के बारे में गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी तथा अंकित आनंद, प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) सुधीर अग्रवाल, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरूण पांडेय तथा सुनील कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी यादव तथा जे. ए. सी. एस. राव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### ग्रामीण औद्योगिक पार्कों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

# रीपा में कार्यरत लोगों से कलेक्टर सिन्हा ने कहा-आपके लिए तैयार की हैं सुविधाएं, लाभ लेकर आगे बढ़ाएं अपना काम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा शनिवार को लैलूंगा और तमनार ब्लॉक के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने ग्रामीण औद्योगिक पार्कों का निरीक्षण कर वहां चल रहे काम-काज को देखा। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में काम कर रहे महिला समूहों और अन्य उद्यमियों से कहा कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में स्थानीय स्तर काम काज के लिए सर्वसुविधायुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जा रहा है, इसका लाभ लेते हुए अब अपना काम आगे बढ़ाएं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने महिला समूहों से चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा। कोडासिया गौठान में महिला समूह द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाए जा रहे हैं। जिसमें कुकर, तवा और थर्मस जैसे उत्पाद शामिल हैं। जिसकी बिक्री सी-मार्ट के माध्यम से की जा रही है और इन उत्पादों की खासी डिमांड भी है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने रीपा में खाली स्थान पर हल्दी, आम और कटहल जैसे फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को व्यवसायिक प्लांटेशन के इस कार्य में महिला समूहों को जोडने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें अतिरिक्त आय मिल सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने लैलूंगा ब्लॉक मोहनपूर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 हेक्टेयर में तैयार किए जा रहे मिश्रित फलोद्यान का निरीक्षण किया। बताया गया कि यहां आम की कई किस्में लगाई जा रही हैं। अलावे इसके यहां कटहल, अमरूद जैसे दूसरे फलदार पौधे भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सुरक्षा के लिए फेंसिंग और पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने यहां पौधरोपण भी किया। इस दौरान एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत वीरेन्द्र राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने तमनार के रीपा का भी निरीक्षण किया। यहां कई वर्किंग यूनिट्स संचालित हैं। इनमें सोहद्रा साव चैनलिंग फेंसिंग का काम कर रही हैं। उन्हें प्रशासन की ओर से कार्य करने की जगह के साथ मशीन उपलब्ध कराई गई है। सोहद्रा ने बताया कि पिछले एक माह में उन्होंने करीब 2 लाख रुपए की फेंसिंग सप्लाई किया है। अभी उनके पास 6 लाख का ऑर्डर है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उनका हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दीं।

# कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने दी हरेली तिहार की बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रोद्योगिकी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने 17 जुलाई को मनाये जा रहे छ.ग. के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने नागरिकों एवं किसानों की खुशहाली की कामना की है। केबिनेट मंत्री श्री साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्व 20 जुलाई 2020 से गोधन न्याय योजना के तहत हरेली तिहार के दिन से गोबर खरीदी कार्य की शुरुआत की की गई थी। इससे ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत हो रही है। इस योजना से गौ पालक एवं महिला स्व-सहायता समूह को स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़िया संस्कृति को संवारने में कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की कड़ी में आज छत्तीसगढ़ के कलाकारों से रू-ब-रू हुए। उन्होंने कार्यक्रम में पद्मश्री पुरुस्कार विजेता, राज्य पुरुस्कार विजेता, लोक कलाकार, फ़िल्म आर्टिस्ट, तकनीशियन और निर्माता - निर्देशकों से मुलाकात कर विभिन्न मुददों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने हरेली तिहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ख्यातिलब्ध कलाकार यहां उपस्थित हैं, आप सबका मैं स्वागत अभिनंदन करता हूँ। आया हूँ तो आप सबके साथ सेल्फी खिचवाऊंगा। छत्तीसगढ़ राज्य के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक धरोहरों को बचाने और संवारने में कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान है।**



मुख्यमंत्री ने नाचा के पुरोधा स्वर्गीय हबीब तनवीर, चन्दैनी गोंदा के संस्थापक स्व. खुमान साव का स्मरण करते हुए उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा लोक कला के जरिए छत्तीसगढ़ को विशेष पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि कलाकार जब अपनी प्रस्तुति देते हैं तो वह समाज की जनभावना को रेखांकित और प्रस्तुति के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि लोक विधा कर्मा के अनेकों शैलियां प्रचलित हैं, अनेक विधाओं में नई शैलियां कलाकारों ने निकाली हैं। छत्तीसगढ़ में गायी जाने वाली पंडवानी पूरे देश में नहीं गायी जाती। भरथरी, पंथी जैसी विधाओं को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने का काम हमारे छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की खानपान, हमारी बोली भाखा, संगीत, गीत, नृत्यशैली सबको उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक जोड़ने का काम कलाकारों ने किया है। जब एक दौर था जिसमें नाचा मशाल जलाकर किया जाता था। फिर माईक सेट का दौर आया। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राम वन गमन परिपथ को विकसित करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के हर विकासखण्ड मुख्यालय में मॉडल जैतखाम बनाने की बात दोहराई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में अपने बचपन से जुड़े अपने अनुभव भी सुनाए। उन्होंने कहा कि मेरा बचपन कलाकारों से जुड़ा रहा, लोक कला के ज्यादातर विधाओं का प्रभाव मेरे जीवन में पड़ा। छत्तीसगढ़ की पहले जब चर्चा होती थी तो नक्सल घटना, जवानों की शहादत की खबरें आती थी। अब यहां की संस्कृति और परंपरा की चर्चा होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई, कलाकारों को भी इसका लाभ मिल रहा है, मुझे इसकी खुशी है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, हमने अरपा पैरी के धार को राजगीत बनाया। तीज-तिहार की छुट्टियां घोषित की, अब सब तीज-तिहार मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जेब में पैसा रहता है तो तीज-तिहार का आनंद ही अलग होता है, इसलिए हमने किसानों को उऋण किया और अब समय-समय पर विभिन्न योजनाओं का पैसा भी दे रहे हैं। पहले लोग बोरे बासी खाने में संकोच करते थे, लेकिन अब श्रमिक दिवस 1 मई को बोरे-बासी दिवस घोषित करने के बाद से सब लोग न केवल बोरे-बासी खाते हैं बल्कि सोशल मीडिया में फ़ोटो भी अपलोड करते हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

























## शोभिता धुलिपाला की मेड इन हेवन के दूसरे भाग का ऐलान, पहला पोस्टर भी जारी

साल 2019 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई मेड इन हेवन को दर्शकों द्वारा भरपूर प्यार मिला था। इसमें अर्जुन माथुर, शोभिता धुलिपाला, कल्कि कोचलिन, जिम सर्भ, शशांक अरोड़ा और शिवानी रघुवंशी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। दर्शक पिछले लंबे वक्त से मेड इन हेवन के दूसरे भाग का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो चुका है। गुरुवार को निर्माताओं ने मेड इन हेवन 2 का ऐलान कर दिया है।

अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर मेड इन हेवन का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, क्या हम एक क्षण रुककर कह सकते हैं। हे भगवान? मेड इन हेवन 2 जल्द आ रहे है केवल प्राइम वीडियो पर। इसके साथ फरहान अख्तर ने खुलासा किया कि मेड इन हेवन 2 जल्द रिलीज होगी। मेड इन हेवन 2 का निर्माण नित्या मेहरा, जोया अख्तर, प्रशांत नायर और अलंकृता श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है।

## नाना पाटेकर ने दी सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर गदर 2 के लिए अपनी आवाज



2001 की फिल्म गदर: एक प्रेम कथा के बाद सनी देओल और अमीषा पटेल गदर 2 में तारा सिंह और सकीना के रूप में लौट आए हैं। फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली है। अब, यह पता चला है कि अनुभवी अभिनेता नाना पाटेकर ने फिल्म के लिए वॉयसओवर किया है। मूल रूप से, पहली किस्त में, ओम पुरी ने प्रारंभिक दृश्यों के लिए वॉयस ओवर किया था। अब फिल्म में नाना पाटेकर का वॉयस ओवर फिल्म की शुरुआत में ही सुनाई देगा। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित गदर 2 संकेत देता है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां कहानी गदर: एक प्रेम कथा में समाप्त हुई थी। पहली किस्त तारा सिंह और सकीना की प्रेम कहानी पर आधारित थी, जिसने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी और अब भी जारी है। उड़ जा काले कावा गाने को दोबारा रीप्राइज्ड वर्जन के तौर पर रिलीज किया गया। फिल्म में मैं निकला गड्डी लेके रीक्रिएशन भी होगा जो जल्द ही आएगा। निर्देशक-निर्माता अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित इस फिल्म में सनी देओल और अमीषा पटेल के साथ अनिल शर्मा के पुत्र उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# बारिश में भीगने के बाद इन 5 पेय पदार्थों का करें सेवन, शरीर को मिलेगी गरमाहट



**मानसून के समय बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी बारिश में भीगना पसंद करते हैं, लेकिन इसके कारण खांसी और जुकाम जैसे वायरल संक्रमण के साथ-साथ बैक्टीरियल संक्रमण आसानी से हो जाते हैं। ऐसे में आपको बारिश में भीगने के बाद कुछ ऐसे गर्म पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिनसे इन संक्रमणों से खुद को बचाया जा सके। आइये आज हेल्थ टिप्स में मानसून में पीने के लिए 5 स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ जानते हैं।**

### मसाला चाय

मानसून के मौसम में चाय का जिक्र न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। हालांकि, बारिश में भीगने के बाद राहत पाने के लिए सामान्य चाय की जगह मसाला चाय का सेवन करें। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पानी में चाय पत्ती और चीनी डालकर उबालें, फिर इसमें दूध और चाय का मसाला डालकर अच्छे से दोबारा उबाल लें। चाय का मसाला बनाने के लिए बड़ियां का फूल, दालचीनी, लौंग और इलायची को एक साथ पीस लें।

### मसालेदार कॉफी

कुछ लोग चाय के बजाय कॉफी पसंद करते हैं, लेकिन बारिश में भीगने के बाद मसालेदार कॉफी का विकल्प चुनें। इस गर्म पेय को बनाने के लिए एक लीटर पानी में कॉफी, इलायची पाउडर और अदरक डालकर उबालें। इसके बाद दूध में चीनी डालकर उसे गर्म कर लें और फिर इसे पानी के मिश्रण में डालें। अंत में कॉफी के ऊपर कद्दूकस की हुई चॉकलेट डालकर गरमागरम परोसें।

### गर्म नींबू पानी

नींबू में विटामिन- सी होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मददगार है, साथ ही यह कई स्वास्थ्य और मौसमी समस्याओं से बचाव भी करता है। यह पेय विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और ऑक्सीडेटिव तनाव के कारण होने वाली सूजन को रोकने में भी सहायक है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और थोड़ा-सा शहद मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। विटामिन- सी से भरपूर इन पेय पदार्थों का भी सेवन करें।

### अदरक शॉट

अदरक का सेवन समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसमें जिंजरोल नाम का एक यौगिक होता है, जो शरीर को गरमाहट देता है और सर्दी और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले 1 इंच अदरक का रस और आधा नींबू का रस निकालकर साथ मिला लें। इसके बाद इसका सेवन करें। आप चाहें तो इसे नींबू के अलावा, शहद, सेब और हल्दी जैसी अन्य सामग्रियों के साथ मिलाकर भी बना सकते हैं।

### हल्दी का दूध

हल्दी के दूध को गोल्डन मिल्क भी कहते है। यह वायरल संक्रमण के इलाज के लिए सदियों से उपचार के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। यह पेय एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने, गले को आराम देने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर करने में मददगार होता है। सबसे पहले थोड़ा दूध उबालें और फिर उसमें हल्दी पाउडर, दालचीनी पाउडर, कुटी हुई काली मिर्च, गुड़ डालकर अच्छी तरह मिला लें और गुनगुना पीये।

# स्टाइलिश आउटफिट में साउथ एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने दिखाईं कातिलाना अदाएं



साउथ एक्ट्रेस राय लक्ष्मी अपने किलर अंदाज और बोल्डनेस से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। फिल्मों के साथ ही एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। वहीं, एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ अपने कई स्टाइलिश तस्वीरें अपने सोशल अकाउंट पर शेयर की हैं। 34 साल की एक्ट्रेस राय लक्ष्मी की तस्वीरों के लिए फैंस उतावले रहते हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। कर्ली हेयर स्टाइल, ब्लैक शूज और जैकेट के साथ एक्ट्रेस राय लक्ष्मी ने अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रखी हैं। राय लक्ष्मी बोल्ड बिकिनी फोटोज से फैंस को घायल करती हैं। राय लक्ष्मी की दिलकश अदाएं फैंस का मन मोह ले जाती हैं। अदाकारा राय लक्ष्मी साउथ सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस की लिस्ट में आती हैं। एक्ट्रेस राय लक्ष्मी की इन तस्वीरों को देखकर फैंस यही कह रहे हैं कि कंचना स्टार राई लक्ष्मी की हर अदा कातिलाना है। अदाकारा राय लक्ष्मी ने अपने करियर की शुरुआत की टॉलीवुड फिल्म करका कस्द्र से की। राय लक्ष्मी का नाम पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के साथ भी जुड़ चुका है। एक्ट्रेस राय लक्ष्मी फिल्म जूली के सीक्वल जूली 2 में काफी बोल्ड सीन दिए थे।

# बारिश में भीगने के बाद होने लगे खुजली तो फटाफट अपना लें ये उपाय, दूर हो जाएगी समस्या



गर्मी के बाद जब बारिश की बूंदे पड़ती है तो इसमें हर कोई भीगना पसंद करता है। कुछ लोग इस पल को खूब इंजॉय करते हैं। हालांकि जब पसीने के ऊपर बारिश की बूंदे गिरती है तो इससे खुजली और रैशेज की समस्या हो जाती है। इससे इंफेक्शन फैलने का खतरा बना रहता है। कई बार लोशन वगैरा लगाने से भी आराम नहीं मिलता है। ऐसे में अगर आप को भी भीगने के बाद खुजली की समस्या हो रही है तो आप कुछ घरेलू उपाय को आजमा सकते हैं। इससे आपको जल्दी राहत आराम मिल सकता है। आइए जानते हैं इस बारे में।

**नीम का पानी**-बारिश में भीगने के बाद आप खुजली से छुटकारा पाना चाहते हैं तो नीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जिससे खुजली में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप 10 से 15 नीम के पत्ते को उबाल लीजिए और इसे ठंडा करके पानी में मिलाकर नहा लीजिए।

**नारियल का तेल**-नारियल का तेल भी अपने एंटीबैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है यह संक्रमण और खुजली से छुटकारा दिलाने में काफी फायदेमंद है इसके लिए आप नारियल के तेल को प्रभावित हिस्से पर लगाएं इससे स्किन में नमी बरकरार रहेगी और खुजली से भी छुटकारा मिलेगा।

**एलोवेरा जेल**-एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से भी आप को फायदा मिल सकता है। इसमें भी एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो संक्रमण से बचाते हैं। साथ ही यह अपने सूदिंग गुणों के लिए भी जाना जाता है। इसे लगाने से जलन में आराम मिल सकता है।

**सेब का सिरका**-आप सेब का सिरका भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी खुजली दूर करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में सेब का सिरका मिलाएं और इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं या फिर पानी से नहा लें।

**टी ट्री ऑयल**-टी ट्री ऑयल में भी मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो आपको खुजली और रैशेज से छुटकारा दिला सकते हैं। आप तेल को प्रभावित हिस्सों पर कॉटन की मदद से लगाएं। फिर कुछ देर के बाद इसे पानी से धो लें।

# डेजी शाह ने खतरों के खिलाड़ी 13 के साथ किया छोटे पर्दे का रुख



रोहित शेट्टी अपने रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन के साथ टीवी पर वापसी कर चुके हैं। बीते दिन से शुरू हुए इस शो में बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह भी नजर आ रही हैं। बीते काफी समय से अभिनेत्री के छोटे पर्दे पर डेब्यू करने की खबरें आ रही थीं और अब डेजी ने इस बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री ने बताया कि क्यों उन्होंने करियर के इस मोड़ पर टीवी पर आने का फैसला किया।

डेजी ने बताया कि अपने करियर के इस पड़ाव पर एक रियलिटी शो का हिस्सा बनकर वह क्या महसूस करती हैं और यह उनके लिए कैसे कारगर साबित होगा। डेजी ने कहा, मुझे लगता है कि यह बस लोगों की धारणा है। मुझे नहीं लगता कि आज के समय में अभिनेताओं को इन चीजों के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, सब कुछ बराबर है, चाहे वह टीवी हो, फिल्म हो या फिर ओटीटी।

डेजी ने खतरों के खिलाड़ी 13 का हिस्सा बनने पर कहा, मैं हमेशा से ही इस शो को अनुभव के लिए करना चाहती थी। मैं एक साहसी महिला हूं और मुझे ऐसी चीजें करना पसंद है। उन्होंने कहा, मेरे पास अभी समय था क्योंकि मेरा एक प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन में है और जिस प्रोजेक्ट की शूटिंग मुझे करनी है, वह नवंबर से पहले फ्लोर पर नहीं जाएगा। ऐसे में जब मुझे शो ऑफर हुआ तो मुझे लगा कि क्यों नहीं।

शो में डेजी के अलावा रोहित रॉय, ऐश्वर्या शर्मा, शिव ठाकरे, शीजान खान, रूही चतुर्वेदी, अंजुम फकीह, अर्जित तनेजा, अर्चना गौतम, नायरा बनर्जी, अंजलि आनंद सहित 13 कंटेस्टेंट हिस्सा ले रहे हैं। पहले ही दिन हुए टास्क में डेजी ने रोहित को हराकर जीत हासिल की और सुरक्षित हो गईं। ज्ञात हो कि शो के कुछ एपिसोड में पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके कंटेस्टेंट हिना खान, दिव्यांका त्रिपाठी और मिस्टर फैजू भी नजर आएंगे।


डेजी ने लंबे समय तक असिस्टेंट कोरियोग्राफर के तौर पर काम किया था और वह गणेश आचार्य की टीम में शामिल थीं। इसके बाद उन्होंने बड़े पर्दे की ओर रुख किया और 2011 में कन्नड़ फिल्म भद्रा और बॉडीगार्ड में काम किया। हालांकि, उनकी किस्मत 2014 में सलमान खान के साथ आई जय हो से चमकी। अभिनेता ने उन्हें अपनी फिल्म में मौका दिया था, जिसके बाद वह हेट स्टोरी 3 और रेस 3 जैसी फिल्मों का हिस्सा बनी थीं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



प्रदेश म मया अऊ एकता के बगरही रंग
लइका सियान सबो झन खेलहीं संग-संग
Chhattisgarhiya OLYMPICS 2023
छत्तीसगढ़िया ओलंपिक
17 जुलाई - 27 सितंबर 2023
पारंपरिक एवं देसी खेलों के महाकुंभ का
शुभारंभ
17 जुलाई, 2023
मुख्य अतिथि
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
खेल विधाएं
16
प्रतिभागी
30 लाख से ज्यादा
आयु वर्ग (महिला एवं पुरुष)
18 वर्ष तक | 18-40 वर्ष तक | 40 वर्ष से अधिक
खेल आयोजन स्तर
राजीव युवा मितान क्लब, जोन,
विकासखंड/नगरीय क्लस्टर, जिला, संभाग एवं राज्य
RO-37734/65
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

## खास-खबर



### चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में युवक ने गंवाई जान, दोस्तों को आया था स्टेशन छोड़ने

**रायपुर (ए)।** चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने के चक्कर में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। घटना रविवार शाम को रायपुर रेलवे स्टेशन में घटी। मृतक ओड़िशा का रहने वाला था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आंबेडकर अस्पताल भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम छह बजे विशाखापटनम से एलटीटी लोकमान्य तिलक जाने वाली सुपरफास्ट ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आ रही थी, तभी एक युवक ने अचानक प्लेटफॉर्म पर दौड़ लगाई। वह चलती ट्रेन पर सवार होने की कोशिश कर रहा था तभी पैर फिसलने से वह पटरी पर जा गिरा और ट्रेन उसके ऊपर गुजरते निकल गई।

इस हादसे में पूरा शरीर कट जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफकी टीम पहुंची। तलाशी लेने पर मृतक की जेब से पहचान पत्र मिला। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मनोरंजन मुखर्जी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त ओड़िशा के नुआपाड़ा, खरियार रोड अंतगर्त ग्राम अमलापाले निवासी विकास पुंजे पिता बलदेव (27) के रूप में की गई।

आरपीएफ के अनुसार विशाखापटनम से एलटीटी लोकमान्य तिलक जाने वाली सुपरफास्ट ट्रेन रायपुर स्टेशन में आ ही रही थी कि ट्रेन रूकने का इंतजार किए बिना मृतक दौड़कर उस पर चढ़ने की कोशिश में हादसे का शिकार हो गया। वह अपने दो दोस्तों को छोड़ने स्टेशन आया था। अचानक ट्रेन को आते देखकर वह दोस्तों को छोड़कर चलती ट्रेन में सवार होने की कोशिश में अपनी जान गंवा बैठा।

### दो दोस्त लगा रहे थे रेस, बाइक पलटने से एक की मौत

**कोरबा (ए)।** सुपरहिट फिल्म धूम में चोर-पुलिस के बीच सुपरस्पीड रेस का स्टंट करने दो दोस्त निकल पड़े। काफी प्वाइंट के रास्ते में दोनों रेसिंग बाइक में रेस लगा दी और जंगल के रास्ते में तेज दौड़ रही एक बाइक अनियंत्रित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक सवार युवक को गंभीर चोंट लगी। उसे बाल्को अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में युवक की मौत हो गई।

बाल्को थाना अंतर्गत यह घटना रविवार को बाल्को से काफी प्वाइंट के बीच के सिंगल सड़क की है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में युवा शहर की ट्रैफिक से हटकर खुली व खाली सड़क में बाइक से घूमने भी जाते हैं। रविवार को बालको में रहने वाले नयन साई का 23 वर्षीय पुत्र दीपका भास्कर भी अपने दोस्तों के साथ बाल्को से काफी प्वाइंट की ओर निकला था। दो बाइक में सवार दोस्तों ने आपस में रेस लगाने की प्लानिंग की। दीपक की बाइक नई थी और नंबर भी नहीं आया था।

दोनों बाइक के मध्य रेस शुरू हुई और कुछ ही मिनट में दीपक की बाइक तेज रफ्तार में दौड़ने लगी, तब अचानक उससे बाइक अनियंत्रित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल दीपक को आस-पास के लोगों की मदद से उठाया गया और फिर किसी तरह आनन-फानन में बाल्को हास्पिटल लाकर भर्ती कराया गया।

# बेटा, बहू और दामाद ने मिलकर कर दी महिला की हत्या, टोका-टाकी से थे परेशान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में महिला की हत्या का मामला सामने आया है। बेटा और बहू के साथ दामाद ने मिलकर महिला की हत्या कर दी। हत्या के शव को बाड़ी में छिपा दिया। बेटा और बहू महिला की टोका टाकी से परेशान थे और दामाद को शक था कि उसकी पत्नी चोरी छिपे मायके पैसे भेजती है। शनिवार को बाड़ी में शव मिलने के बाद पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने जांच की और इस मामले में बेटा, बहू व दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पंखाजूर थाना क्षेत्र का है।




मिली जानकारी के अनुसार पखांजूर निवासी 67 वर्षीय रेखा मजुमदार का शव उसकी बाड़ी में मिला। शव मिलने के बाद उसके पति ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद हत्या का मामला दर्ज कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर आसपास पूछताछ करने पर पुलिस को रेखा के दामाद अनूप दास के बारे में पता चला। उसके बारे में बताया गया कि वह अपनी सास से खुन्नस रखता था।

इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर अनुप दास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। अनुपदास ज्यादा देर टिक नहीं सका और सारी सच्चाई उगल दी। अनुप दास ने बताया कि उसने रेखा मजूमदार के बेटे विप्लव मजूमदार और बहू पपिया मजूमदार के साथ मिलकर उसकी हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने बेटे और बहू को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि रेखा मजुमदार के दामाद को शक था कि उसकी पत्नी अपनी मां को पैसे भेजती थी। वहीं बेटा और बहू मां की टोका-टाकी से परेशान थे। इसलिए तीनों ने उसकी हत्या का प्लान बनाया। पहले तो टॉर्च से उसके सिर पर वार किया गया और बाद में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बाड़ी में फेंक दिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मदद के नाम पर एटीएम में कार्ड बदल करते थे ठगी, दो गिरफ्तार



**अंबिकापुर (ए)।** शहर के बिलासपुर चौक स्थित स्टेट बैंक के एटीएम में मदद के नाम पर पिछले दिनों एक बुजुर्ग से डेबिट कार्ड बदलकर 50 हजार 755 रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को पुलिस ने वारदात के 11 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उत्तरप्रदेश के अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं, जो किराए में कार लेकर घूमते है और मौका पाते ही एटीएम के पास रुककर मदद के नाम पर लोगों का पासवर्ड जानने के बाद उसका कार्ड बदल लेते थे और दूसरे बूथ में जाकर उस एटीएम से पैसे निकाल लेते थे।

आरोपियों ने उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के कई जिलों में इसी तरह ठगी करने के बाद रायगढ़ जिले के सारंगढ़ में पहुंचे थे। इस बीच सरगुजा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की कार के नंबर की जानकारी मिल गई। उस नंबर के आधार पर सारंगढ़ से उत्तरप्रदेश के अमेठी बारीपुर निवासी धीरू यादव व उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी असलम अली उर्फ हैदर को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कोरबा जिले के मुकाम मुड़ापारा में किराए का मकान भी लिया था, ताकि होटल में कहीं रुकना न पड़े। उनके कब्जे से 39 हजार रुपए, अलग-अलग कंपनियों के 23 डेबिट कार्ड, 6 फर्जी आधार नंबर, 4 ड्राइविंग लाइसेंस, चेकबुक व एक मारूति स्विफ्ट डिजायर कार पुलिस ने जब्त किया है। आरोपियों से जब्त कार उत्तरप्रदेश के लखनऊ के संदीप कुमार गौतम की है।

लोन के बहाने बैंक से ही ठग लिए 71 लाख

## एक ही जमीन के पेपर दिखाकर 2 बैंकों से लिया कर्ज, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर में जमीन के पेपर दिखाकर फर्जी तरीके से बैंक से ही ठगी करने का मामला सामने आया है। घर बनवाने के लिए एक ही जमीन के कागजात 2 बैंक को दिखाकर करीब 71 लाख रुपए निकाल लिए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 13 जनवरी 2021 को आरोपी देवेंद्र देवांगन ने घर बनवाने के लिए राज्य ग्रामीण बैंक में आवेदन दिया। ये लोन की रकम 55 लाख रुपए थी। जिसमें से पहली किस्त में 40 लाख रुपए आरोपी ने निकाल लिए। लेकिन फिर विक्रेता मुख्तार नईम ने 19 फरवरी को फिर क्रेता देवेंद्र यादव को जमीन बेची। इस जमीन में पहले से बेची जमीन का भी हिस्सा शामिल था।


जानकारी के मुख्तार नईम से पहले देवेंद्र देवांगन ने जमीन का कुछ हिस्सा खरीदा और घर बनवाने के लिए लोन अप्लाई किया। जमीन खरीदार देवेंद्र देवांगन को राज्य ग्रामीण बैंक से लोन मिल भी गया। इसके बाद मुख्तार नईम से




जमीन का एक और हिस्सा खरीदा गया लेकिन इसबार पहले से खरीदी जमीन को भी नए सौदे में शामिल कर फर्जीवाड़ा किया गया। इसके बाद श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस से भी 31 लाख रुपए का होम ले लिया गया।

जब इसकी जांच बैंक अधिकारियों ने की तो एक ही जमीन पर 2 बार लोन लेने की बात सामने आई। पुलिस से शिकायत के बाद खरीदने वाले और बेचने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## फूल तोड़ने गई महिला से मारपीट कर सोने का मंगल सूत्र छीना



**बिलासपुर (ए)।** सरकंडा के जोरापारा में रहने वाली महिला के साथ कुछ दिन पहले लूटपाट हो गई। आरोपी ने सुबह के वक्त घर के पास फूल तोड़ने निकली महिला के साथ मारपीट की बल्कि उसके गले से मंगलसूत्र भी छीन लिया। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज किया था। मामले में पीड़ित अरूण कुमार दुबे ने पुलिस से इसकी शिकायत कर बताया कि उसकी मां के साथ यह घटना हुई है। पुलिस ने आरोपी के हुलिए के आधार पर आरोपी की पतासाजी कर रही थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर सामने आया कि बल्ला उर्फ अमित निवासी जोरापारा ने ही लूट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसे अपना गुनाह कबूल लिया। आरोपी से सोने की मंगलसूत्र जब्त कर लिया गया है।

## बाइक सवार को टक्कर मार डिवाइडर पर चढ़ा बेकाबू ट्रक

**डौंडीलोहारा (ए)।** नगर के वन परिक्षेत्र कार्यालय के पास रविवार को दोपहर डेढ़ बजे लोडेड ट्रक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। जिससे बाइक सवार सहित ट्रक ड्राइवर को मामूली चोटें आईं। जिनका इलाज नगर के अस्पताल में किया गया।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम देवरी (पार्री) निवासी बाइक चालक खुमेश कुमार व पीछे बैठे भजन साहू ग्राम कोबा निवासी नगर से कार्य निबटाकर वापस गृहग्राम की ओर जा रहे थे कि वन परिक्षेत्र कार्यालय के सामने विपरीत दिशा की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार कर अनियंत्रित हो डिवाइडर पर चढ़ गया। जिससे बाइक सवार नीचे गिर पड़े व चोट लगी। क्रेन की मदद से पुलिस की उपस्थिति में ट्रक को निकाला गया।

रायगढ़ में डीजल लूटने के लिए उमड़ी भीड़

## यात्री बस और डीजल टैंकर में भीषण टक्कर कई घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा इलाके में यात्री बस और डीजल टैंकर में टक्कर हो गई। बस में सवार कई यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर हादसे के बाद डीजल लूटने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र के रुडुकेला गांव का है।

जानकारी के मुताबिक, रुडुकेला गांव में वेलकम पुलिया लैलूंगा-कोतबा मुख्य मार्ग के पास रविवार की सुबह करीब 8 बजे के आसपास की घटना है। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच



गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

राहगीरों ने लोगों को बस से बार निकलने में मदद की, साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 संजीवनी एक्सप्रेस से लैलूंगा अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं, हालांकि अभी तक जनहानि की खबर नहीं है।

इधर दुर्घटना के बाद डीजल टैंकर फटने से आसपास के सैकड़ों लोग डीजल लूटने के लिए पहुंच गए। उनके बीच झड़प भी हुई। बीच सड़क पर हुए हादसे और डीजल लूटने के लिए जुटी भीड़ के कारण यातायात बाधित हो गया। फिलहाल पुलिस ने भीड़ को मौके से हटा लिया है और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को भी सड़क से हटाया गया है।

कार के बोनट में छिपाकर गांजे की तस्करी

## पुलिस को देखा तो भागने लगे आरोपी एक युवती और 2 युवक गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर की आरंग पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक युवती और 2 युवक शामिल हैं। ये शातिर आरोपी बड़े ही चालाकी से गांजे को छिपाकर ओडिसा से रायपुर की ओर ले रहे थे। पुलिस को सूचना मिलते ही इन्हें चेकिंग के लिए हाईवे पर रोका था। मगर आरोपियों ने पुलिस को देखते ही गाड़ी को तेजी से हाईवे पर दौड़ा दिया। करीब 5 किलोमीटर तक पुलिस ने भी इनका पीछा किया। फिर ओवरटेक कर आरोपियों को पकड़ा गया है।

गांजा तस्करों ने पुलिस चेकिंग से बचने के लिए गांजा को गाड़ी के सामने बोनट में इंजन के आसपास छिपाया था। पुलिस ने जब नाकेबंदी कर उन्हें रोकने की कोशिश की तो ये काफी तेजी से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़कर चेकिंग की तो गाड़ी के अंदर कोई गांजा बरामद नहीं हुआ। वहीं जब कार का बोनट खुलवाया गया तो गांजे से भरा पैकेट मिला। आरोपियों ने बताया कि इस गांजा को वे ओड़िशा से सप्लाई कर रहे हैं। इन आरोपियों में अमित कुमार साहू और राजेश साहू रायपुर के रहने वाले हैं। जबकि युवती




कल्पना बाग ओड़िशा की रहने वाली है।

पिस्टल भी बरामदआरोपियों से चेकिंग के दौरान एक आरोपी के पास से पिस्टल भी बरामद हुई है। जिसके बाद तत्काल पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस मामले को लेकर आरंग थाना टीआई एसएन सिंह ने बताया कि गांजा तस्करी सूचना मिलने पर पुलिस ने गाड़ी को रोका, लेकिन आरोपी भागने लगे। जिसके बाद उन्हें पकड़ा गया है। चेकिंग में पिस्टल और गांजा बरामद किया गया और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों से कुल 5 लाख का माल बरामद हुआ है।

## कुएं में डूबकर 5 साल के बच्चे की मौतः खेलते-खेलते जाली में बने गैप से नीचे गिरा

**राजनांदगांव (ए)।** राजनांदगांव शहर के सिविल लाइन पानी टंकी के पास कुएं में 5 साल का बच्चा गिर गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर परिजनों और लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में मौके पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाल लिया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

लेबर कॉलोनी निवासी 5 साल का अनुज अग्निहोत्री रविवार को अपने दोस्तों के साथ सिविल लाइन पानी टंकी के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वो वहां स्थित कुएं में गिर गया। उसके दोस्तों ने अनुज के गिरने की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजन भागे-भागे हुए कुएं के पास पहुंचे। वहीं लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पुलिस टीम के साथ सीएसपी अमित पटेल और एसडीएम अरुण वर्मा भी पहुंचे।

### डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

पुलिस ने तुरंत गोताखोरों को कुएं में उतारा। सिविल लाइन एरिया के पार्षद पारस वर्मा ने कुएं से पानी निकालने के लिए पंप भी मंगवाया, जिसके बाद बच्चे को निकाला जा सका। बच्चे को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950